# विशेष रिपोर्ट

# बुलियन

( अक्टूबर 2023 )



smc
moneywise. be wise.

## सितम्बर 2023 में सर्राफा की कीमतों में बदलाव (% में)




स्रोत: एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

## जनवरी-सितम्बर 2023 में सर्राफा की कीमतों में बदलाव (% में)





स्रोत: एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

सितंबर में, कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में 4.6% और एमसीएक्स पर 3.8% की गिरावट हुई क्योंकि अमेरिकी डॉलर में लगातार दूसरी मासिक वृद्धि दर्ज की गई और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में भी लगातार पांचवीं मासिक वृद्धि दर्ज की गई। सोने की कीमतों में भी लगातार दूसरी तिमाही में गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि डॉलर अपने प्रमुख प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जबकि ट्रेजरी की यील्ड 16 साल के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि निवेशकों ने अनुमान लगाया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था उच्च ब्याज दरों के माहौल में अपने प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करेगी। सितंबर महीने के अंतिम सप्ताह में फेड अधिकारियों की टिप्पणियों से भी बाजार को संकेत मिला कि मुद्रास्फीति को 2 प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने के लिए फेड फिर से दरें बढ़ा सकता है। आंकड़ों को देखा जाय तो, लंबे समय तक चलने वाले अमेरिकी निर्मित सामानों के ऑर्डर अगस्त में बढ़े, क्योंकि मशीनरी और अन्य उत्पादों में वृद्धि ने नागरिक विमानों में गिरावट की भरपाई की, और उपकरण पर व्यावसायिक खर्च तीसरी तिमाही की शुरुआत में लड़खड़ाने के बाद फिर से गति पकड़ता दिखाई दिया। रिचमंड फेड के अध्यक्ष थॉमस बार्किन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में और अधिक

बदलाव की आवश्यकता होगी या नहीं। मिनियापोलिस फेड के अध्यक्ष नील काशकारी ने कहा कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने मौजूदा आर्थिक मजबूती के पर्याप्त सबूतों के बीच दरें बढ़ाई हैं या नहीं। दुनिया में सोने के सबसे बड़े एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड, एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट ने कहा है कि इसकी होल्डिंग्स जनवरी 2020 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर गिर गई है जो बुलियन में निवेशकों की घटती रुचि को दर्शाता है।

## आउटलुक

- अक्टूबर में, सोने और चांदी की कीमतें नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है क्योंकि फेडरल रिजर्व के अधिकारियों ने ब्याज दरों के ऊंचे बने रहने की संभावना व्यक्त किया है।
- अमेरिकी सरकार द्वारा आंशिक शटडाउन को टालने के बाद डॉलर 10 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि ट्रेजरी की यील्ड 16 साल के उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गई और आर्थिक आंकड़ों ने दरों के लंबे समय तक अधिक रहने की संभावनाओं का समर्थन किया।
- फेड अधिकारियों का कहना है कि मुद्रास्फीति को उसके 2% लक्ष्य तक वापस लाने के लिए मौद्रिक नीति को कुछ समय के लिए प्रतिबंधात्मक रहने की आवश्यकता होगी।
- एक सर्वेक्षण के अनुसार सितंबर में अमेरिकी मैनुफैक्चरिंग में सुधार दर्ज की गई क्योंकि उत्पादन में वृद्धि हुई और रोजगार में वृद्धि हुई, जिसमें कारखानों द्वारा इनपुट के लिए भुगतान की गई कीमतों में भी काफी गिरावट देखी गई।
- सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार, बाजार में इस वर्ष 25 बेसिस प्वाइंट की दर वृद्धि की 45% संभावना है, लेकिन 2024 की पहली छमाही में कुछ मौद्रिक नीति में ढील की 41% संभावना भी है।
- हाल के वर्षों में केंद्रीय बैंक सोने के प्रमुख खरीदार रहे हैं। लेकिन, जैसे-जैसे मुद्रास्फीति बढ़ती है और ब्याज दरें बढ़ती हैं, केंद्रीय बैंक सोना खरीदने के प्रति कम इच्छुक हो सकते हैं।
- विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार बढ़ती मुद्रास्फीति, सोने की बढ़ी हुई घरेलू कीमतें, और औसत से अधिक शुष्क मानसून का मौसम, जिसमें अगस्त एक सदी से भी अधिक समय में सबसे शुष्क रहा, के कारण इस वर्ष भारत में सोने की मांग 10% गिरकर तीन वर्षों में सबसे कम हो सकती है।
- व्यावसायिक सर्वेक्षणों से पता चलता है कि ये आर्थिक रुझान कुछ समय तक जारी रह सकते हैं और इस तिमाही में अमेरिकी ऋण जारी करने का स्तर स्थिर बना रहेगा, जिससे अमेरिकी यील्ड पर दबाव बना रहेगा।
- अगस्त में, पर्थ मिंट के सोने के सिक्कों और सोने की बार की संयुक्त बिक्री 34,875 औंस तक पहुंच गई, जो फरवरी 2020 के बाद से सबसे कम मासिक बिक्री है और जुलाई से 20.8% और अगस्त 2022 से 59% कम है।
- महीने में, टकसाल ने ढले हुए चांदी के सिक्कों और बार के लिए 792,503 औंस की बिक्री दर्ज की, जो दिसंबर 2020 के बाद से केवल दूसरी बार दस लाख से कम हुई है, और फरवरी 2020 के बाद से सबसे कम मासिक बिक्री हुई।




स्रोत: पर्थ मिंट

## एमसीएक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



**Source:** Reuters

## कोमेक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



**Source:** Reuters

## एमसीएक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



**Source:** Reuters

## कोमेक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव



**Source:** Reuters

**अक्टूबर में सोने की कीमतों के एक दायरे में कारोबार करने की संभावना है और कीमतें 55800-59000 के दायरे में कारोबार कर सकती है और चांदी की कीमतें 63000-70000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।